# जान्हवी देखभाल और सहयोग की भावना से जुड़ी हैं



**बॉलीवुड** अभिनेत्री जान्हवी कपूर को लेकर सोशल मीडिया पर फैल रही गलतफहमी के बीच मानसिक स्वास्थ्य संगठन अमाहा ने स्पष्ट किया है कि जान्हवी ने नशे की लत पर अपने निजी अनुभव साझा नहीं किए थे, बल्कि एक केयरगिवर और सहयोगी के रूप में बातचीत में हिस्सा लिया था. जान्हवी कपूर हाल ही में उस समय ऑनलाइन अटकलों का विषय बन गईं, जब राज शमानी के पॉडकास्ट पर उनकी उपस्थिति के कुछ क्लिप्स संदर्भ से बाहर शेयर किए गए.इन क्लिप्स के चलते यह गलतफहमी पैदा हो गई कि वह नशे की लत (एडिक्शन) को लेकर अपने निजी अनुभव साझा कर रही थीं. फिलहाल इसी बढ़ती गलत जानकारी के बीच, मानसिक स्वास्थ्य संगठन अमाहाने जान्हवी के इनिशिएटिव ऑफ द रॉक्स के साथ मिलकर एक आधिकारिक बयान जारी किया है, जिसमें उन्होंने जान्हवी कपूर की भूमिका को स्पष्ट किया है.

बयान में कहा गया कि जान्हवी कपूर ने इस बातचीत में एक केयरगिवर और सहयोगी के रूप में हिस्सा लिया था, न कि किसी ऐसे व्यक्ति के रूप में, जो खुद एडिक्शन या शराब का शिकार हों. साथ ही उन्होंने यह बात भी स्पष्ट की कि इस तरह उनकी भूमिका को गलत तरीके से पेश करने से न सिर्फ बातचीत के उद्देश्य को कमजोर किया गया, बल्कि उन लोगों के वास्तविक अनुभवों का भी अनादर किया गया, जो नशे की समस्या से जूझ रहे हैं या अपने प्रियजनों का समर्थन कर रहे हैं.

गौरतलब है कि अमाहा और ऑफ द रॉक्स ने इस तरह की गलत जानकारी को न सिर्फ बेबुनियाद बल्कि गंभीर रूप से चिंताजनक भी बताया है. इसी के साथ उन्होंने मीडिया, डिजिटल प्लेटफॉर्म्स व आम लोगों से अपील की है कि वे मानसिक स्वास्थ्य और एडिक्शन जैसे संवेदनशील मुद्दों पर जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ रिपोर्टिंग करें.

बयान में यह भी कहा गया है कि क्लिकबेट के लिए भ्रामक नैरेटिव्स बनाना न सिर्फ गैर-जिम्मेदाराना है, बल्कि उस समुदाय के प्रति असम्मान जनक भी है, जिनकी मदद के लिए ये चर्चाएं की जा रही हैं. अमाहा और ऑफ द रॉक्स ने अंत में यह दोहराया है कि वे एडिक्शन, रिकवरी और मानसिक स्वास्थ्य समर्थन पर ईमानदार, संवेदनशील और सटीक संवाद को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं.

# गोवा वेकेशन पर बिपाशा बसु का ग्लैमरस अंदाज



**बिपाशा** बसु ने पति करण सिंह ग्रोवर और बेटी के साथ गोवा वेकेशन की खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं. बीच पर रोमांटिक पलों और फैमिली टाइम की झलक ने फैंस का दिल जीत लिया.

बॉलीवुड एक्ट्रेस बिपाशा बसु इन दिनों अपने परिवार के साथ गोवा में सुकून भरे पल बिता रही हैं. उन्होंने हाल ही में अपने वेकेशन की कुछ खूबसूरत तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कीं, जो तेजी से वायरल हो रही हैं. इन तस्वीरों में उनके पति करण सिंह ग्रोवर और उनकी नन्ही बेटी के साथ बिताए गए खास लम्हे देखने को मिल रहे हैं.

शेयर की गई तस्वीरों में बिपाशा बसु और करण सिंह ग्रोवर समंदर किनारे एक-दूसरे के साथ रोमांटिक पल बिताते नजर आ रहे हैं. दोनों की केमिस्ट्री फैंस को खूब पसंद आ रही है. बीच पर बिताए गए ये पल उनके रिश्ते की मजबूती और प्यार को बखूबी दर्शाते हैं. फैंस कमेंट सेक्शन में कपल की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं.

इन तस्वीरों में एक खास बात यह भी है कि बिपाशा और करण अपनी बेटी के साथ भी क्वालिटी टाइम बिताते नजर आए. हालांकि उन्होंने बेटी का चेहरा रिवील नहीं किया है, लेकिन फैमिली बॉन्डिंग साफ झलक रही है. एक फोटो में तीनों साथ में मस्ती करते दिखे, जिसने फैंस का दिल जीत लिया. वेकेशन के दौरान बिपाशा बसु का ग्लैमरस लुक भी चर्चा में है.

# तृषा कृष्णन ने मनाया अपना 43वां जन्मदिन



**दक्षिण** भारतीय फिल्मों की लोकप्रिय अभिनेत्री तृषा कृष्णन आज अपना 43वां जन्मदिन मना रही हैं. इस खास मौके पर उन्होंने चकाचौंध से दूर आध्यात्मिक मार्ग चुना और सोमवार सुबह आंध्र प्रदेश के प्रसिद्ध तिरुमाला वेंकटेश्वर मंदिर पहुंचीं. तृषा ने भगवान बालाजी के चरणों में माथा टेककर आशीर्वाद लिया और अपने नए साल की सुखद शुरुआत की. मंदिर जाने से पहले उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक वीडियो साझा कर प्रशंसकों को संकेत दिया था कि वह अपने जन्मदिन पर भगवान के दर्शन करने जा रही हैं.

मंदिर परिसर में तृषा का बेहद सौम्य और शांत अवतार देखने को मिला. वह सफेद रंग के साधारण फ्लोरल आउटफिट में नजर आईं, जिसने सोशल मीडिया पर प्रशंसकों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया. वायरल वीडियो में तृषा को मंदिर के बाहर जमा प्रशंसकों का मुस्कुराकर अभिवादन करते और उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद देते देखा जा सकता है. सुपरस्टार होने के बावजूद उनकी इस सादगी और विनम्रता की लोग जमकर तारीफ कर रहे हैं. मंदिर में दर्शन के दौरान उन्होंने आम श्रद्धालुओं की तरह पूरी श्रद्धा के साथ पूजा-अर्चना संपन्न की.

# 'टॉक्सिक' से पहले तारा सुतारिया का ग्लोबल डेब्यू



**तारा** सुतारिया 2026 में कान्स फिल्म फेस्टिवल में डेब्यू कर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी. 'टॉक्सिक' से पहले यह मौका उनके करियर का बड़ा कदम माना जा रहा है.

बॉलीवुड एक्ट्रेस तारा सुतारिया के करियर में एक बड़ा मोड़ आने वाला है. रिपोर्ट्स के मुताबिक, तारा 2026 में होने वाले कान्स फिल्म फेस्टिवल में डेब्यू करने जा रही हैं. यह उनके लिए न केवल एक व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि भारतीय सिनेमा के लिए भी गर्व का क्षण माना जा रहा है. कान्स फिल्म फेस्टिवल दुनियाभर के कलाकारों को ग्लोबल प्लेटफॉर्म देता है, जहां उनकी प्रतिभा को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिलती है.

तारा सुतारिया इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'टॉक्सिक' को लेकर सुर्खियों में हैं. फिल्म को लेकर पहले से ही दर्शकों के बीच काफी उत्सुकता है, और अब उनके कान्स डेब्यू की खबर ने इस एक्साइटमेंट को और बढ़ा दिया है. खास बात यह है कि तारा 'टॉक्सिक' की रिलीज से पहले ही इस प्रेस्टीजियस मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करती नजर आएंगी, जिससे उनके करियर को नया आयाम मिल सकता है. कान्स फिल्म फेस्टिवल को दुनिया के सबसे प्रेस्टीजियस फिल्म समारोहों में गिना जाता है. यहां रेड कार्पेट पर वॉक करना हर कलाकार का सपना होता है.

इस मंच पर पहुंचने का मतलब है कि कलाकार अब इंटरनेशनल सिनेमा की दुनिया में भी अपनी जगह बनाने के लिए तैयार है. तारा सुतारिया का यहां डेब्यू यह संकेत देता है कि वह सिर्फ बॉलीवुड तक सीमित नहीं रहना चाहतीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान मजबूत करना चाहती हैं. कान्स में भाग लेना केवल ग्लैमर और रेड कार्पेट तक सीमित नहीं होता. यह फिल्ममेकर्स, प्रोड्यूसर्स और इंटरनेशनल ब्रांड्स से जुड़ने का एक बड़ा मौका भी होता है. तारा सुतारिया के लिए यह प्लेटफॉर्म नए प्रोजेक्ट्स और कोलैबोरेशन के दरवाजे खोल सकता है. इंडस्ट्री विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम उनके करियर को नई दिशा देगा और उन्हें ग्लोबल स्टारडम की ओर ले जा सकता है. हर साल कान्स फिल्म फेस्टिवल में भारत की भागीदारी बढ़ रही है, और तारा सुतारिया का इस मंच पर पहुंचना इस ट्रेंड को और मजबूत करेगा.

# लारा दत्ता ने ब्यूटी स्टैंडर्ड पर दिया बड़ा बयान



**लारा** दत्ता का एक पुराना वीडियो में वह वहीदा रहमान के सवाल पर असली खूबसूरती का मतलब बताती नजर आ रही हैं. उन्होंने कहा कि आत्मविश्वास, मेहनत और पॉजिटिव सोच ही इंसान को सुंदर बनाती है. फिल्म और ग्लैमर की दुनिया में खूबसूरती को हमेशा अहम माना जाता है, लेकिन इसको लेकर बॉलीवुड एक्ट्रेस और पूर्व मिस यूनिवर्स लारा दत्ता ने कुछ साल पहले अपने विचार शेयर किए थे, जिनका एक पुराना वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. इस वीडियो में वह बताती दिख रही है कि आखिर असली खूबसूरती क्या होती है. वायरल हो रहे इस पुराने वीडियो में दिग्गज एक्ट्रेस वहीदा रहमान लारा दत्ता से एक दिलचस्प सवाल पूछती नजर आती हैं. वह उनसे पूछती हैं कि क्या एक खूबसूरत इंसान होना मुश्किल होता है. इस सवाल का जवाब देते हुए लारा दत्ता ने बेहद आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रखी. उन्होंने कहा कि असली खूबसूरती इंसान के अंदर होती है.

**जज्बा ही असली खूबसूरती की पहचान-** अगर किसी इंसान को खुद पर भरोसा हो, वह अपने सपनों पर विश्वास करता हो और जिंदगी की मुश्किलों का सामना करने की हिम्मत रखता हो, तो वही असली सुंदरता है. जो इंसान अंदर से मजबूत होता है और अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए मेहनत करता है, वही वास्तव में सुंदर कहलाता है. उन्होंने कहा कि आत्मविश्वास, मेहनत और पॉजिटिव सोच इंसान को खास बनाती है. अगर किसी इंसान के अंदर जीतने का जज्बा हो और वह मुश्किल हालात में भी हार न माने, तो उसकी यही बातें उसे दूसरों से अलग बनाती हैं. जब इंसान अंदर से अच्छा और मजबूत होता है, तब खूबसूरत होना मुश्किल नहीं लगता.

लारा दत्ता का यह जवाब उस समय काफी चर्चा में रहा था. दरअसल, उन्होंने 12 मई 2000 को मिस यूनिवर्स का खिताब अपने नाम किया था.

## लातूर में रितेश देशमुख का भव्य स्वागत

**फिल्म** 'राजा शिवाजी' रिलीज होने के बाद जब रितेश देशमुख लातूर के छत्रपति शिवाजी महाराज चौक पहुंचे, तो उनका बहुत जोरदार स्वागत हुआ . रितेश देशमुख को देखने के लिए हजारों लोग इकट्ठा हो गए. यह माहौल लोगों के प्यार, गर्व और अपनेपन को दिखा रहा था.पूरा माहौल बहुत उत्साह भरा और अपनापन महसूस कराने वाला था. करीब 700 बाइक सवार उनके साथ शहर में चले और रास्ते में खड़े लोग उनका स्वागत करते रहे और नारे लगाते रहे.इस भीड़ की खास बात सिर्फ इसकी संख्या नहीं थी, बल्कि लोगों का सच्चा प्यार और जुड़ाव था. कोई बड़ा कार्यक्रम नहीं था, फिर भी लोग खुद ही उन्हें देखने आ गए.

## सलमान की पोस्ट ने दी जिंदगी जीने की खास सीख



**सलमान** खान ने अपनी नई सोशल मीडिया पोस्ट में 'टोपी' का जिक्र करते हुए ईमानदारी और सही फैसले लेने की सलाह दी. उन्होंने फैंस को संदेश दिया कि न किसी को धोखा दें और न खुद धोखा खाएं.

बॉलीवुड के सुपरस्टार सलमान खान एक बार फिर अपने अनोखे अंदाज और विचारों को लेकर चर्चा में हैं. हाल ही में उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर की, जिसमें उन्होंने 'टोपी' का जिक्र करते हुए फैंस को एक खास सलाह दी. सलमान खान की इस पोस्ट को फैंस का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है.

'बजरंगी भाईजान' फेम सलमान खान ने इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ नई तस्वीरें साझा कीं, जिनमें वह ब्लैक टी-शर्ट और ब्लैक फेडोरा हैट में बेहद स्टाइलिश नजर आ रहे हैं. हालांकि, तस्वीरों से ज्यादा उनका कैप्शन लोगों का ध्यान खींच रहा है. सलमान ने लिखा, 'थिंकिंग, ये है कोई भी फील्ड में. सोच लो, समझ लो, क्लियर हो जाओ, फैसला लो और सब भूल के आगे बढ़ो. और टोपी से याद आया, टोपी खुद पहनो, किसी को पहनाओ नहीं, न किसी को पहनाने दो. ' सलमान खान ने अपने इस संदेश के जरिए ईमानदारी और सच्चाई का महत्व समझाने की कोशिश की है. 'टोपी पहनाना' आमतौर पर धोखा देने के संदर्भ में इस्तेमाल होता है, और सलमान ने इसी बात को सरल अंदाज में समझाते हुए कहा कि न तो किसी को धोखा देना चाहिए और न ही खुद को किसी के झांसे में आने देना चाहिए. सलमान खान का यह मैसेज खासतौर पर युवाओं के लिए प्रेरणादायक माना जा रहा है.



# एथर की बड़ी तैयारी, ला रहा अपना सबसे सस्ता स्कूटर



**एथर** ईएल भारत में एक नया बजट इलेक्ट्रिक स्कूटर लॉन्च करने की तैयारी कर रही है, जो कंपनी का अब तक का सबसे किफायती मॉडल हो सकता है. हाल ही में इस स्कूटर को टेस्टिंग के दौरान देखा गया है, जिससे इसके जल्द बाजार में आने के संकेत मिल रहे हैं. खास बात यह है कि इसे BaaS (बैटरी-एज-ए-सर्विस) मॉडल के साथ पेश किया जा सकता है, जिससे इसकी कीमत और कम हो जाएगी.

**नए स्कूटर की तैयारी-** कंपनी इस नए स्कूटर को कम बजट सेगमेंट को ध्यान में रखते हुए तैयार कर रही है. यह स्कूटर नए श्वरु प्लेटफॉर्म पर आधारित होगा. ‹ह्लद्धद्गह्ल ने पहले इसका टीजर जारी किया था और बाद में इसके डिजाइन पेटेंट भी सामने आए थे. हालिया स्पाई तस्वीरों से स्पष्ट है कि कंपनी इसे जल्द लॉन्च करने की दिशा में आगे बढ़ रही है.

**डिजाइन और स्टाइलिंग-** स्पाई इमेज से पता चलता है कि स्कूटर का डिजाइन फैमिली-ओरिएंटेड है. इसका लुक काफी हद तक कॉन्सेप्ट मॉडल जैसा ही है. टेस्टिंग के दौरान यह पूरी तरह कवर था, लेकिन इसका पिछला हिस्सा सरल और उपयोगी फीचर्स के साथ दिखाई दिया. इसे रोजमर्रा के इस्तेमाल को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है.

**नया EL प्लेटफॉर्म-** नया EL प्लेटफॉर्म लागत को कम करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है. इसी प्लेटफॉर्म पर कंपनी भविष्य में कई अलग-अलग स्कूटर्स लॉन्च कर सकती है, जिनमें फीचर्स और बैटरी क्षमता के आधार पर अंतर होगा.

**संभावित फीचर्स और बैटरी-** कंपनी ने अभी तक आधिकारिक फीचर्स की जानकारी साझा नहीं की है, लेकिन उम्मीद है कि इसमें 2kW से 5kW तक की बैटरी क्षमता वाले विकल्प मिल सकते हैं. इसमें स्नक्कबैटरी का इस्तेमाल किया जा सकता है, जिससे लागत कम रहेगी और बैटरी की लाइफ लंबी होगी.

बेस वेरिएंट में जरूरी फीचर्स मिलेंगे, जबकि टॉप वेरिएंट में ञ्जस्नञ्ज डिस्प्ले जैसे एडवांस फीचर्स दिए जा सकते हैं.

# देश में इलेक्ट्रिक कारों का जलवा



**भारत** में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) का बाजार काफी तेजी से बढ़ रहा है. बाजार में नए मॉडल्स की एंट्री, बेहतर चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर, कम खर्च, सरकारी छूट और ग्राहकों के पास ज्यादा विकल्प होने की वजह से ईवी की बिक्री ने रफ्तार पकड़ ली है. इस सेगमेंट में टाटा मोटर्स सबसे आगे है, जबकि महिंद्रा, एमजी मोटर्स, नई कंपनी विनफास्ट और देश की सबसे बड़ी कार निर्माता मारुति सुजुकी भी बाजार में अपनी मजबूत पकड़ बना रही हैं.

**टाटा मोटर्स-** टाटा मोटर्स इस सेगमेंट में अपनी निर्विवाद बादशाहत बनाए हुए है. कंपनी ने वर्ष 2026 के पहले चार महीनों में कुल 31,604 इकाइयों की प्रभावशाली बिक्री दर्ज की, जिसमें अकेले अप्रैल माह का योगदान 8,507 वाहनों का रहा. इस उल्लेखनीय सफलता के पीछे कंपनी का सशक्त पोर्टफोलियो है, जिसमें टाटा पंच ईवी और टाटा नेक्सन ईवीजैसे लोकप्रिय मॉडल्स के साथ हाल ही में लॉन्च हुई टाटा हैरियर ईवी ने बिक्री को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है.

**एमजी मोटर इंडिया-**एमजी मोटर इंडिया ने भी बाजार में अपनी मजबूत पकड़ स्थापित की है. जनवरी से अप्रैल 2026 के बीच कंपनी ने कुल 19,036 इकाइयों की बिक्री कर देश की दूसरी सबसे बड़ी इलेक्ट्रिक कार निर्माता बनने का गौरव प्राप्त किया. अप्रैल माह में 4,978 वाहनों की बिक्री हुई, जिसमें एमजी विंडसर ईवीऔर की उच्च मांग का प्रमुख योगदान रहा.

**महिंद्रा एंड महिंद्रा-** महिंद्रा एंड महिंद्रा भी इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्र में तीव्र गति से आगे बढ़ रही है. वर्ष 2026 की प्रारंभिक अवधि और अप्रैल माह को मिलाकर कंपनी ने 18,153 इकाइयों की बिक्री का आँकड़ा पार कर लिया है. उल्लेखनीय है कि अप्रैल में 5,394 वाहनों की बिक्री के साथ कंपनी मासिक आधार पर दूसरे स्थान पर रही.

**विनफास्ट-** भारतीय बाजार में नई प्रवेशी कंपनी विनफास्ट ने भी प्रभावशाली शुरुआत की है. मात्र चार महीनों में कंपनी ने 2,840 इकाइयों की बिक्री का आँकड़ा हासिल कर लिया है. वर्तमान में इसके पोर्टफोलियो मेंविनफास्ट6 और विनफास्ट7 जैसे सशक्त मॉडल्स शामिल हैं, जो ग्राहकों को आकर्षित कर रहे हैं.

## बिना ज्यादा खर्च के पुरानी कार को बनाएं नई जैसी

**आज** के समय में कार सिर्फ आने-जाने का साधन नहीं रही, बल्कि हमारी रोजमर्रा की जिंदगी का अहम हिस्सा बन चुकी है. हम रोजाना घंटों कार में बिताते हैं, इसलिए उसका इंटीरियर आरामदायक और आकर्षक होना जरूरी है.

अक्सर ऐसा होता है कि कुछ साल बाद कार अंदर से पुरानी और बोरिंग लगने लगती है. ऐसे में लोग सोचते हैं कि पूरा इंटीरियर बदलवाना महंगा पड़ेगा, लेकिन सच यह है कि कुछ छोटे और स्मार्ट बदलाव करके आप अपनी कार को नया और लग्ज़री लुक दे सकते हैं.

**सीट कवर बदलते ही बदल जाएगा पूरा लुक-** कार के इंटीरियर को नया बनाने का सबसे आसान तरीका सीट कवर बदलना है. सीट्स सबसे ज्यादा इस्तेमाल होती हैं, इसलिए उन पर दाग, कट या रंग फीका पड़ना आम बात है. अगर आप अच्छी क्वालिटी के नए सीट कवर लगवाते हैं, तो कार का लुक तुरंत फ्रेश और स्टाइलिश हो जाता है.




इसके अलावा ये सीट्स को भविष्य में खराब होने से भी बचाते हैं और बैठने में ज्यादा आराम देते हैं.

**फ्लोर मैट्स: सफाई और स्टाइल दोनों साथ-** कार के अंदर साफ-सफाई बनाए रखना भी उतना ही जरूरी है. रोजाना धूल, मिट्टी, पानी या खाने-पीने की चीजें गिरना आम बात है. ऐसे में अगर आप कस्टम-फिट और अच्छी क्वालिटी के फ्लोर मैट्स लगाते हैं, तो कार का इंटीरियर साफ-सुथरा बना रहता है. ये मैट्स वॉटरप्रूफ होते हैं और आसानी से साफ किए जा सकते हैं, जिससे आपकी कार हमेशा नई जैसी दिखती है.

अगर आप अपनी कार को स्टाइलिश बनाना चाहते हैं, तो एंबिएंट एलईडी लाइट्स एक बेहतरीन ऑप्शन हैं.



# हर बाइक राइडर को पता होने चाहिए ये उपाए

**बाइक** का किक स्टार्ट, जिसे हम आमतौर पर सिर्फ किक कहते हैं, इंजन चालू करने का तरीका है. लेकिन जब यही किक अचानक जाम हो जाए, तो अक्सर राइडर्स घबरा जाते हैं. कई लोगों को लगता है कि इंजन में कोई बड़ी खराबी आ गई है या फिर कोई महंगा पार्ट खराब हो गया है. ये दिक्कत पुरानी बाइक्स या लंबे समय से सर्विस न हुई बाइक्स में अक्सर देखने को मिलती है. कुछ आसान और काम के तरीके अपनाकर आप मौके पर ही इस परेशानी को दूर करने की कोशिश कर सकते हैं.

**'रॉक द बाइक' ट्रिक यूज करें-** इसे ठीक करने का एक बेहद आसान और असरदार तरीका है, जिसे लोग अक्सर 'रॉक द बाइक' ट्रिक कहते हैं. इसके लिए सबसे पहले इंजन बंद करें और बाइक को दूसरे या तीसरे गियर में डाल दें. अब बाइक को हल्के-हल्के आगे-पीछे करें. ऐसा करने से किक मैकेनिज्म से जुड़े अंदरूनी गियर अपनी सही पोजिशन में आ जाते हैं.

**लुब्रिकेशन करें-** किक जाम होने की एक बड़ी वजह सही लुब्रिकेशन का न होना भी है. धूल, मिट्टी और बारिश का पानी किक शाफ्ट के आसपास जमा होकर उसे सख्त बना देते हैं. इससे किक आसानी से मूव नहीं करती. ऐसे में ङ्खष्ठ-40 जैसे पेनिट्रेटिंग लुब्रिकेंट का इस्तेमाल काफी मददगार साबित हो सकता है.

**स्पार्क प्लग से इंजन चेक करें-** अगर ऊपर बताए गए तरीके काम नहीं करते, तो दिक्कत इंजन के अंदर भी हो सकती है. इसे चेक करने का एक सिंपल तरीका है कि स्पार्क प्लग निकालें, बाइक को गियर में डालें पहिए को घुमाने की कोशिश करें. पहिया बिल्कुल नहीं घूमता, तो समझिए इंजन जाम हो सकता है. ऐसा इंजन ऑयल की कमी या किसी अंदरूनी खराबी की वजह से होता है.ऐसा लगे, तो बाइक को तुरंत किसी मैकेनिक को दिखाना ही सबसे बेहतर रहेगा.